प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 18.03.2026

मुख्य समाचारः—

- एक सौ चालीस आत्मसमर्पित माओवादियों ने आज रायपुर में देखी विधानसभा की कार्यवाही।
- कोरबा जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत।
- मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग सहित प्रदेश के कुछ जिलों में अंधड़ के साथ ओलावृष्टि और हल्की बारिश होने की चेतावनी दी।
- कल से शुरू होगा चैत्र नवरात्रि का पर्व—देवी मंदिरों में प्रज्जवलित किए जाएंगे ज्योति कलश।

आत्मसमर्पित माओवादी—विधानसभा कार्यवाही

राज्य विधानसभा में आज एक सौ चालीस आत्मसमर्पित माओवादी सदन की कार्यवाही देखने पहुंचे। इनमें चौव्वन महिलाएं भी थीं। इन माओवादियों ने विधानसभा परिसर के अपने भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप से भी मुलाकात की।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि ये आत्मसमर्पित माओवादी समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के बाद आज विधानसभा का भ्रमण करने आए।

विधानसभा समाचार—01

राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज स्कूलों के युक्तियुक्तकरण, जम्बूरी में भ्रष्टाचार, पेड़ों की अवैध कटाई सहित अनेक मुद्दे गूंजे।

आज सदन में सुनील सोनी और राजेश मूणत सहित सत्तापक्ष के विधायकों ने प्रदेश में स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों की स्थिति खराब है। सुनील सोनी ने कहा कि बहुत से स्कूल जर्जर हैं। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे परीक्षण कराएंगे। उन्होंने कहा कि दस हजार पांच सौ से अधिक शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इनमें से अभी एक सौ छियासठ स्कूल का उपयोग नहीं हुआ है। जहां खाली भवन है, वहां स्मार्ट स्कूल और लैब बनाया जाएगा।
चर्चा के दौरान आसंदी ने मंत्री को आगामी तीस मार्च तक सभी स्कूलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बीच, विपक्ष ने अतिथि शिक्षकों की भर्ती, वेतन और नियमितीकरण का मुद्दा भी उठाया। विपक्ष ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सदन से बर्हिगमन कर दिया।

वहीं, आज प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने बालोद जिले में स्काउट और गाईड की जम्बूरी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधानसभा की समिति से जांच कराने की मांग की। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भ्रष्टाचार के आरोपों को नकारते हुए जांच से इंकार कर दिया। मंत्री के जवाब असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।

विधानसभा समाचार—02

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के विधायक विक्रम उसेंडी ने आज एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से भानुप्रतापपुर वनमंडल के अंतर्गत कच्छे ओरीडोंगरी गांव में पांच हजार पेड़ों की अवैध कटाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक निजी इस्पात संयंत्र ने यह अवैध कटाई की है। जवाब में वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि इस गांव के आरक्षित वनों में लौह अयस्क खनन के लिए करीब तैंतीस हजार पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई

थी। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन के दौरान करीब दो हजार आठ सौ पेड़ों का रिकॉर्ड नहीं मिला है। विधायक की मांग पर मंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

आज से सदन में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक पर चर्चा शुरू हो गई है। समाचार लिखे जाने तक सत्तापक्ष और विपक्ष के विभिन्न सदस्यों ने इस पर अपने विचार रखे हैं।

रेल मंत्री–अनुदान मांग

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केन्द्र सरकार किफायती दरों पर रेल यात्रा को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर आज संसद में हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि रेल बजट का आम बजट में विलय होने से तीन प्रमुख लाभ हुए हैं। उन्होंने भारतीय रेल के वर्तमान रूपांतरण को 'धीमी प्रगति' से 'सुपर–फास्ट ट्रांसफॉर्मेशन' को एक बड़ा बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल आम आदमी और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं की आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सवारी है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों के आवागमन और माल ढुलाई के साथ ही लोगों को रोजगार से जोड़कर अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

नगरीय निकाय–राशि

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिए लगभग एक सौ पंचानवे करोड़ रुपए जारी किए हैं। इस राशि से राज्य के एक सौ उनतालीस  नगरीय निकायों में विकास कार्य किए जाएंगे। यह राशि पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत जारी की गई है।

उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने इसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय का आभार जताया है।

रीवा–रायपुर हवाई सेवा

रीवा और रायपुर के बीच मंगलवार से हवाई सेवा शुरू हो गई है। सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरूवार और शनिवार को फ्लाइट चला करेगी। अलाइंस एयर द्वारा जारी समय–सारिणी के अनुसार रीवा से यह विमान शाम पांच बजकर पचास मिनट पर रवाना होकर शाम करीब सात बजे रायपुर पहुंचेगा। वहीं, रायपुर से शाम लगभग साढ़े सात बजे यह रवाना होकर रात आठ बजकर पचास मिनट पर रीवा पहुंचेगा।

कल रीवा हवाई अड्डे से इस सेवा का शुभारंभ मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री  राजेन्द्र शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय उड्डयन राज्यमंत्री डॉक्टर के. राममोहन नायडू और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी वर्चुअल रूप से जुड़े। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला पहली फ्लाइट से रीवा से रवाना होकर कल रायपुर पहुंचे। अपने रायपुर प्रवास के दौरान श्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात की। श्री शुक्ला ने कहा कि रीवा–रायपुर के बीच विमान सेवा शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा से दुर्ग के बीच ट्रेन सेवा शुरू करने के लिए भी सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

दुर्घटना

कोरबा जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र में कोयले से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। ये युवक पोटापानी गांव के रहने वाले थे और दीपका स्थित निजी कंपनी में काम पर जा रहे थे।

घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को मुआवजे के ऐलान के बाद लोग शांत हुए और विरोध प्रदर्शन खत्म किया। पुलिस ने ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह तेज रफ्तार बस की टक्कर से साइकिल सवार बारह वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गई।

इधर, मुंगेली जिले के लोरमी में चारपहिया वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

सीवरेज टैंक–मौत

राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित एक निजी अस्पताल में बीती रात सीवरेज टैंक की सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीवरेज टैंक की सफाई के लिए ठेका दिया गया था। टैंक की सफाई के लिए एक–एक कर तीन सफाईकर्मी उतरे, लेकिन तीनों की ही टैंक के अंदर ही जहरीली गैस के संपर्क में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि मजदूर कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी के थे और मामले की जांच की जा रही है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में हुई राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक में निर्देश दिए हैं कि अब से प्रदेश में सैप्टिक टैंक की सफाई से पहले नगर निगम की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही अब प्रशिक्षित सफाईकर्मी ही अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से सफाई करेंगे।

नसबंदी कांड–फैसला

बिलासपुर जिले के बहुचर्चित नसबंदी कांड मामले में जिला न्यायालय ने करीब ग्यारह साल बाद अपना फैसला सुना दिया है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश शैलेश कुमार ने इस मामले में सर्जन डॉक्टर आर.के. गुप्ता को दोषी मानते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनाने के साथ ही पच्चीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में महावर और कविता फार्मा स्युटिकल के सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है।

गौरतलब है कि नवंबर दो हजार चौदह में बिलासपुर जिले के पेंडारी और पेंड्रा में सरकारी नसबंदी शिविर लगाया गया था। इस दौरान सौ से अधिक महिलाओं की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, जिनमें से पंद्रह महिलाओ की मौत हो गई थी।

चैत्र नवरात्र

कल से चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत होगी। इस दौरान मां शक्ति के नौ रूपों की आराधना की जाएगी। देवी मंदिरों में घट स्थापना कर ज्योति कलष भी प्रज्जवलित किए जाएंगे। नवरात्र पर्व को लेकर दंतेवाड़ा, रतनपुर और डोंगरगढ़ में स्थित शक्तिपीठों के अलावा अन्य देवी मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की गई है।

नवरात्र को लेकर डोंगरगढ़ में मां बम्लेष्वरी का दरबार सज–धज कर तैयार हो गया है। रेलवे प्रषासन ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के दौरान कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव डोंगरगढ़ में दिया है।

मौसम

प्रदेश के मौसम में इन दिनों बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर बने चक्रवात और पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में नमीयुक्त हवाएं चल रही हैं। रायपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में आज सुबह से ही बादल छाए रहे। वहीं, मैनपाट में बीती रात बारिश के साथ ओले गिरने के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग सहित प्रदेश के कुछ जिलों में अंधड़ के साथ ओलावृष्टि और हल्की बारिश होने की चेतावनी दी है। वहीं, अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

- धमतरी जिले के गंगरेल बांध में पहली बार बाईस मार्च को 'महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें बीस मार्च तक पंजीयन करा सकती हैं।
- जांजगीर–चांपा जिले के कुथुर गांव में हुए सड़क हादसे में नौ स्कूली छात्र सहित बारह लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।